पत्रांक ....................../आ0,          दिनांकः-          2024

# आदेश

खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग का पत्रांक 1152/खाद्य दिनांक 23.02.2024 द्वारा प्राप्त निदेश के आलोक में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (AB-PM-JAY) के अन्तर्गत दिनांक 02.03.2024 को आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए सभी जन वितरण प्रणाली विक्रेताओ को आवश्यक सहयोग के लिए निदेशित किया जाना है।

उक्त परिप्रेक्ष्य में अनुमंडल पदाधिकारी, सदर/सोनपुर एवं मढ़ौरा को निदेशित किया जाता है कि वह जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं को निम्नवत निदेश देना सुनिश्चित करे :-

1. जन वितरण प्रणाली विक्रेताओ का दायित्व होगा। कि वे अपने क्षेत्र के उपभोक्ताओं के आयुष्मान कार्ड बनवाने हेतु निर्माण कैम्प (02.03.2024) में उनकी उपस्थिति सुनिश्चित करेंगे।
2. जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं द्वारा आयुष्मान कार्ड बनाने वाले कर्मियों एवं उपभोक्ताओ के बैठने हेतु पर्याप्त व्यवस्था करेंगे।

उक्त कार्यक्रम को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने हेतु अनुमंडल पदाधिकारी, सदर/सोनपुर एवं मढ़ौरा, सिविल सर्जन, सारण (मो0नं0 9470003720), श्री नीरज कुमार, District Programmee Co-ordinator, आयुष्मान भारत (मो0नं0-9264471474) एवं श्री आशुतोष कुमार, District Manager, CSC, Saran (मो0नं0-7048912502) से समन्वय स्थापित कर कार्ययोजना ससमय तैयार कर लेंगे एवं इस कार्य हेतु संबंधित आपूर्ति निरीक्षक को भी आवश्यक निदेश देना सुनिश्चित करेंगे।

जिला आपूर्ति पदाधिकारी, सारण को आदेश दिया जाता है कि वे अपने पर्यवेक्षण में कार्यक्रम को सफलतापूर्वक सम्पन्न करायेंगे।

ह0/-
जिला पदाधिकारी
सारण छपरा।

ज्ञापांक 316/आपूर्ति दिनांक 24-2-2024

प्रतिलिपि :- अनुमण्डल पदाधिकारी, सदर, छपरा, सोनपुर एवं मढ़ौरा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि :- असैनिक शल्य चिकित्सक -सह- मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, सारण को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। निदेश है कि कार्यक्रम के सफल कार्यान्वयन हेतु अपने स्तर से श्री नीरज कुमार, District Programmee Co-ordinator, आयुष्मान भारत एवं श्री आशुतोष कुमार, District Manager, CSC, Saran को आवश्यक निदेश देना सुनिश्चित करेंगे तथा स्वयं भी इसका अनुश्रवण करेंगे।

प्रतिलिपि :- जिला आपूर्ति पदाधिकारी, सारण को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :- सचिव, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग को सूचनार्थ समर्पित।

जिला पदाधिकारी
सारण छपरा।



Scanned with ACE Scanner